# पश्चिमांचल विभा

जनवरी-मार्च 2021 अंक-1

## केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर की त्रैमासिक पत्रिका




 କାନରା ବ୍ୟାଙ୍କ केनरा बैंक Canara Bank

## क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर

# पश्चिमांचल विभा

केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय संबलपुर

इस अंक में..........


- अंचल प्रमुख का संदेश
- क्षेत्रीय प्रमुख का संदेश
- मंडल प्रबंधकों का संदेश
- संपादकीय
- संबलपुर क्षेत्रीय कार्यालय -एक नजर में
- राजभाषा नियम 1976 का सार
- संबलपुर- गेटवे ऑफ वेस्टर्न ओडिशा
- परिचर्चा कार्यक्रम
- राजभाषाई निरीक्षण
- बैंकिंग शब्दावली एवं प्रयोग
- दैनिक बैंकिंग में प्रयोग होने वाले संक्षिप्ताक्षर
- द्विभाषी संसूचनाएं
- द्विभाषी फार्मेट
- क्षेत्रीय भाषा ओडिया में प्रचार-प्रसार
- क्षेत्र की कारोबार संबंधी समीक्षा बैठक
- व्यापक वसूली अभियान
- पीएम स्वनिधि
- शाखाओं द्वारा आयोजित रिटेल एक्सपो
- शाखाओं द्वारा विभिन्न मानदंडों में लक्ष्यों की प्राप्ति
- कवि परिचय -(मुंशी प्रेमचंद)
- कविता - कोशिश करने वालों की हार नहीं होती
- क्षेत्र की सीएसआर गतिविधि
- प्रेरक कहानी- गुरू दक्षिणा
- पोस्टर


## संपादक मंडल


**संरक्षक**

श्री बी एल मीना
महा प्रबंधक एवं अंचल प्रमुख
अंचल कार्यालय, भुवनेश्वर

**प्रधान संपादक**

श्री लोक नाथ
सहा.महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख
क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर

**मार्गदर्शन**

श्री एस के नायक
श्री विकास कुमार राव
मंडल प्रबंधक

**संपादक**

श्री विश्वनाथ प्रसाद साहू
अधिकारी (राजभाषा)

**संपादन सहयोग**

क्षेत्रीय कार्यालय एवं क्षेत्राधीन
समस्त स्टाफ सदस्य

पश्चिमांचल विभा

केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय संबलपुर



## *अंचल प्रमुख का संदेश.......*

*प्रिय केनराइट्स,*

आपको हमारी ई-पत्रिका “पश्चिमांचल विभा” का प्रथम अंक प्रस्तुत करते हुए प्रसन्नता हो रही है। इस पत्रिका के माध्यम से जनवरी से मार्च 2021 तिमाही के दौरान क्षेत्र एवं क्षेत्रीधीन शाखाओं की गतिविधियों को समाहित किया गया है तथा आबंटित मानदंडों में सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली शाखाओं के जानकारी भी दी गई है। हमारा अंचल अन्य बैंकिंग पहलुओं साथ-साथ राजभाषा के कार्यान्वयन में भी प्रगति कर रहा है। हिंदी एक सरल भाषा है, जो हम सब को सीखनी चाहिए और अपने दैनिक बैंकिंग कार्यों में प्रयोग करनी चाहिए। हिंदी के संबंध में सुमित्रा नंदन पंत ने कहा था कि:

*“हिंदी हमारे राष्ट्र की अभिव्यक्ति का सरलतम स्त्रोत है”।*

हमारे अंचल ने मार्च 2021 तिमाही में उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन करते हुए बैंक के कारोबार की वृद्धि में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसमें आप सभी की भूमिका अहम है। हमारे बैंक ने विश्वव्यापी कोरोना संक्रमण के दौरान भी ग्राहकों को उच्चकोटि की बैंकिंग सेवाएं प्रदान जारी रखा है। भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना डिजिटल इंडिया के उद्देश्य को प्रतिपादित करने के लिए हमारे पास डिजिटल उत्पादों जैसे मोबाइल बैंकिंग CANDI, इंटरनेट बैंकिंग, केनरा ग्लोबल क्रेडिट कार्ड, केनरा कॉरपोरेट कार्ड, विजा/मास्टर/रूपे डेबिट कार्ड, यूपीआई आदि की एक लंबी श्रृंखला उपलब्ध है, जो ग्राहकों को अनवरत बैंकिंग सुविधा उपलब्ध कराने में सक्षम हैं। इसके अतिरिक्त, मैं आपसे बैंक के कारोबार को बढ़ाने के लिए गुणवत्तायुक्त ऋण प्रस्ताव जुटाने, कासा संविभाग को बढ़ाने, एसएमए/एनपीए खातों में नकद वसूली एवं विभिन्न अभियानों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान करता हूँ। मुझे विश्वास है कि बैंक के हित में आप अपना सर्वोत्कृष्ट कार्य-निष्पादन प्रस्तुत करेंगे। मैं “पश्चिमांचल विभा” के सफल प्रकाशन के लिए संपादक मंडल को हार्दिक शुभकामनाएं ज्ञापित करता हूँ।

शुभकामनाओं सहित,

(बी एल मीना)

महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख

अंचल कार्यालय, भुवनेश्वर

## *क्षेत्रीय प्रमुख की कलम से.......*



*प्रिय केनराइट्स,*

मुझे हमारे क्षेत्रीय कार्यालय संबलपुर की प्रथम त्रैमासिक पत्रिका “पश्चिमांचल विभा” को आपको सौंपते हुए अतीव प्रसन्नता हो रही है। इस अंक में हमने क्षेत्र की विविध गतिविधियों को समाहित किया है, जिसमें हमने राजभाषा संबंधी जानकारी, कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व संबंधी गतिविधियां, वसूली कार्य संबंधी गतिविधियां, राजभाषा से जुड़े कार्यक्रम आदि। हम सभी ने इस वित्तीय वर्ष में हमारे क्षेत्र के साथ-साथ हमारे बैंक के चहुंमुखी विकास के लिए अथक प्रयास किया है। जिसका सुखद परिणाम कुछ समय में आपके सम्मुख होगा। मुझे विश्वास है कि क्षेत्र को आंबटित विविध मानदंडों के तहत अधिकांश मानदंडों में लक्ष्यों को प्राप्त करेंगे।

हमांरा क्षेत्र दैनिक बैंकिंग कारोबार में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ-साथ राजभाषा के अनुपालन के लिए भी प्रतिबद्ध है। इस तिमाही में क्षेत्र में राजभाषा से जुड़ी कई गतिविधियों का आयोजन किया गया है जैसे, राजभाषा प्रतिनिधियों की बैठक, हिंदी में परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन, राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक आदि। सभी शाखा प्रबंधकों के साथ साथ, समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से आग्रह करता हूँ कि वे अपने दैनिक बैंकिंग कार्यों में हिंदी को अपनाएं। इसके अतिरिक्त, हमारा क्षेत्रीय कार्यालय ओडिशा राज्य के तहत आता है जहां की राज्यभाषा ओडिया है, राज्यभाषा ओडिया का भी प्रचार प्रसार करना हमारा दायित्व है। मैं संपादक मंडल को इस पत्रिका के सफल प्रकाशन के बधाई देता हूँ।

हार्दिक शुभकामनाओं सहित,

(लोक नाथ)
सहायक महाप्रबंधक एवं क्षेत्रीय प्रमुख

## मंडल प्रबंधक का संदेश



*प्रिय केनराइट्स,*

डिजिटल होना समय की मांग है। हमारे क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा भी डिजिटलीकरण की ओर कदम बढ़ाते हुए अपनी त्रैमासिक ई-पत्रिका "पश्चिमांचल विभा" आपके समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। हमने कोशिश की है कि हमारे क्षेत्र की समस्त गतिविधियों को जगह मिले। हमारा क्षेत्र बैंक के कारोबार के विकास में सदैव ही अपना शत् प्रतिशत योगदान देता आया है। आप सभी ने पिछले दिनों बैंक द्वारा चलाए गए अभियानों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस पत्रिका के माध्यम से आपसे अनुरोध करता हूँ कि भविष्य में भी आप सभी इसी प्रकार कार्यनिष्पादन करें एवं इस कोरोना काल की चुनौतियों को हम अवसर की तरह लें एवं अपने सर्वोत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए बैंक के हित में कार्य करें।

शुभकामनाओं के साथ,

(सुशांत कुमार नायक)
मंडल प्रबंधक

## मंडल प्रबंधक का संदेश



*प्रिय केनराइट्स,*

हमारे क्षेत्रीय कार्यालय की प्रथम त्रिमासिक ई-पत्रिका "पश्चिमांचल विभा" आप सभी के समक्ष प्रस्तुत की जा रही है। हमारे क्षेत्र ने बैंकिंग व्यवसाय संबंधी मानदंडों को पूरा करने में अपनी प्रभावी कार्यक्षमता का परिचय दिया है। इसके साथ ही राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी गतिविधियों को महत्ता देना एवं दैनिक बैंकिंग कार्यों में हिंदी का उपयोग सुनिश्चित करना हमारी दायित्व है। हमारे बैंक ने वर्तमान स्थिति में ग्राहकों की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए डिजिटल उत्पाद तैयार किए हैं। जिन्हें ग्राहकों तक पहुंचाना आपका जिम्मेदारी है। मैं आपसे आग्रह करता हूँ कि अपनी जिम्मेदारियों को समझें और तद् अनुसार बैंक के हित में कार्य करते हुए राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए अपना सहयोग दें।

शुभकामनाओं सहित,

(विकास कुमार राव)
मंडल प्रबंधक

## *संपादकीय ........*



*प्रिय साथियों,*

हमारे कार्यालय की पहली त्रैमासिक राजभाषा पत्रिका "पश्चिमांचल विभा" आपके समक्ष प्रस्तुत है। पत्रिका का नाम "पश्चिमांचल विभा" रखने के पीछे का तर्क यह है कि संबलपुर, बलांगीर, बरगढ़, बउध, सोनपुर आदि जिलों को पश्चिम ओडिशा के नाम से जाना जाता है और संबलपुर क्षेत्रीय कार्यालय के क्षेत्राधिकार में 11 जिले आते हैं तो इस प्रकार पश्चिमांचल शब्द पश्चिम ओडिशा को दर्शाता है तथा विभा का अर्थ छटा होता है अतएव पत्रिका का नाम "पश्चिमांचल विभा" सारगर्भित है। इस पत्रिका का मूल उद्देश्य क्षेत्र की गतिविधियों को प्रतिबिंबित करना है। इस अंक में जनवरी से मार्च की गतिविधियों जैसे क्षेत्र की समीक्षा बैठक, शाखाओं द्वारा आयोजित रिटेल एक्सपो, रूपे कार्ड अभियान, वसूली अभियान, स्वर्ण ऋण हेतु प्रचार-प्रसार तथा राजभाषा संबंधी गतिविधियां जैसे हिंदी परिचर्चा कार्यक्रम, शाखा निरीक्षण की जानकारियों आदि को शामिल किया गया है। हमारा क्षेत्र बैंकिंग कारोबार में वृद्धि के साथ-साथ राजभाषा के क्षेत्र में भी द्रुत गति से आगे बढ़ रहा है। हमारे क्षेत्रीय प्रमुख के मार्गदर्शन में दैनिक रूप से जारी होने वाले प्रशंसा-पत्र, शाखाओं को विभिन्न मानदंडों हेतु लक्ष्य आबंटन संबंधी संसूचनाएं, अभियान संबंधी संसूचनाएं, सामान्य प्रशासन अनुभाग के कार्यालय टिप्पण, द्विभाषी ई-मेल/पत्र आदि कार्य दैनिक रूप से हिंदी में किए जा रहे हैं। हमारा कार्यालय भाषाई क्षेत्र "ग" के अंतर्गत आता है और भारत सरकार, राजभाषा विभाग तथा राजभाषा विभाग, प्रधान कार्यालय द्वारा भाषाई क्षेत्र "ग" के लिए आबंटित लक्ष्यों को प्राप्त किया है।

सुभाषित के श्लोक "उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि" का मैं पक्षधर हूँ। मैं आशा करता हूं कि इसका मनोहर परिणाम निकट भविष्य में हमारे समक्ष होगा। इसी के साथ यह अंक आपको सुपुर्द करता हूँ।

राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वयन में आपके सहयोग की अपेक्षा में,

(विश्वनाथ प्रसाद साहू)
सहायक प्रबंधक (राजभाषा)

# क्षेत्रीय कार्यालय संबलपुर एक नजर में ..........




क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर ओडिशा के एक महत्तवपूर्ण नगर संबलपुर में स्थित है। संबलपुर शहर का नाम यहां के प्रसिद्ध मां समलेश्वरी (चित्र-आवरण पृष्ठ पर) के कारण पड़ा है। राज्य के 11 जिलों में फैली शाखाएं/कार्यालय क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर के क्षेत्राधिकार में है। जिसमें संबलपुर, झारसुगुड़ा, बरगढ़, सुंदरगढ़, अनुगुल, बउध, सोनपुर, बलांगीर, नुआपड़ा, देबगढ़, केंदुझर शामिल हैं। क्षेत्राधिकार में कारोबार के आधार पर 2 बहुत बड़ी शाखाएं, 4 बड़ी शाखाएं, 35 मध्यम शाखाएं तथा 14 छोटी शाखाएं आती हैं। इसके अतिरिक्त, 13 शहरी शाखाएं, 30 अर्ध शहरी शाखाएं तथा 12 ग्रामीण शाखाएं हैं।

| क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर का कारोबार – दिनांक 31.03.2021 की स्थिति में(रू. करोड़ में) | | | |
|---|---|---|---|
| कुल कारोबार | कुल कासा | कुल जमा | कुल अग्रिम |
| 6032 | 987 | 4982 | 1050 |

आलेख

## राजभाषा नियम 1976 का सार



*संकलन-*
*प्रदीप कुमार पति,*
*वरिष्ठ प्रबंधक,*
*ओटीएम एवं निरीक्षण अनुभाग*
*क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर*
*(एम ए, सीएआईआईबी, बैंकिंग प्राज्ञ)*

केन्द्रीय सरकार ने राजभाषा अधिनियम, 1963 (1963 का 19) की धारा 3 की उपधारा (4) के साथ पठित धारा 8 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, राजभाषा नियम 1976 बनाए हैं। यह नियम संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग किए जाते हैं। जिसे वर्ष 1987,2007 तथा 2011 में संशोधित किया गया।

**नियम 1: संक्षिप्त नाम, विस्तार और प्रारम्भ**

- **तमिलनाडु राज्य के सिवाय सम्पूर्ण भारत पर लागू है।**

**नियम 2: भाषाई क्षेत्र का वर्गीकरण**

- 'क्षेत्र क' से बिहार, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, उत्तराखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश राज्य तथा अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दिल्ली संघ राज्य क्षेत्र अभिप्रेत है;
- 'क्षेत्र ख' से गुजरात, महाराष्ट्र और पंजाब राज्य तथा चंडीगढ़, दमण और दीव तथा दादरा और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र अभिप्रेत हैं;
- 'क्षेत्र ग' से उपरोक्त में निर्दिष्ट राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों से भिन्न राज्य तथा संघ राज्य क्षेत्र अभिप्रेत है;

**नियम 3: राज्यों आदि और केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों से भिन्न कार्यालयों के साथ पत्रादि की भाषा**

**नियम 4: केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों के बीच पत्रादि की भाषा का उल्लेख**

**नियम 5: हिन्दी में प्राप्त पत्रादि के उत्तर हिन्दी में दिया जाना**

**नियम 6:** सभी दस्तावेजों के लिए हिन्दी और अंग्रेजी दोनों का प्रयोग किया जाएगा और ऐसे दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करने वाले व्यक्तियों का यह उत्तरदायित्व होगा कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि ऐसी दस्तावेजें हिन्दी और अंग्रेजी दोनों ही में तैयार की जाती हैं, निष्पादित की जाती हैं और जारी की जाती हैं।

**नियम 7: आवेदन, अभ्यावेदन आदि की भाषा**

कोई कर्मचारी आवेदन, अपील या अभ्यावेदन हिन्दी या अंग्रेजी में कर सकता है। यदि आवेदन, अपील या अभ्यावेदन हिन्दी में किया गया हो या उस पर हिन्दी में हस्ताक्षर किए गए हों, तब उसका उत्तर हिन्दी में दिया जाएगा। यदि कोई कर्मचारी यह चाहता है कि सेवा संबंधी विषयों (जिनके अन्तर्गत अनुशासनिक कार्यवाहियां भी हैं) से संबंधित कोई आदेश या सूचना,जिसका कर्मचारी पर तामील किया जाना अपेक्षित है, यथास्थिति, हिन्दी या अंग्रेजी में होनी चाहिए तो वह उसे असम्यक विलम्ब के बिना उसी भाषा में दी जाएगी।

**नियम 8**: कोई कर्मचारी किसी फाइल पर टिप्पण या कार्यवृत्त हिंदी या अंग्रेजी में लिख सकता है और उससे यह अपेक्षा नहीं की जाएगी कि वह उसका अनुवाद दूसरी भाषा में प्रस्तुत करे। केन्द्रीय सरकार का कोई भी कर्मचारी, जो हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान रखता है, हिन्दी में किसी दस्तावेज के अंग्रेजी अनुवाद की मांग तभी कर सकता है, जब वह दस्तावेज विधिक या तकनीकी प्रकृति का है, अन्यथा नहीं।

**नियम 9: हिन्दी में प्रवीणता-**

यदि किसी कर्मचारी ने मैट्रिक परीक्षा या उसकी समतुल्य या उससे उच्चतर कोई परीक्षा हिन्दी के माध्यम से उत्तीर्ण कर ली है; **या** स्नातक परीक्षा में अथवा स्नातक परीक्षा की समतुल्य या उससे उच्चतर किसी अन्य परीक्षा में हिन्दी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में लिया हो; **या** यदि वह इन नियमों से उपाबद्ध प्ररूप में यह घोषणा करता है कि उसे हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त है; तो उसके बारे में यह समझा जाएगा कि उसने हिन्दी में प्रवीणता प्राप्त कर ली है।

**नियम 10: हिन्दी में कार्यसाधक ज्ञान-**

यदि किसी कर्मचारी ने मैट्रिक परीक्षा या उसकी समतुल्य या उससे उच्चतर परीक्षा हिन्दी विषय के साथ उत्तीर्ण कर ली है; **या** केन्द्रीय सरकार की हिन्दी परीक्षा योजना के अन्तर्गत आयोजित प्राज्ञ परीक्षा या यदि उस सरकार द्वारा किसी विशिष्ट प्रवर्ग के पदों के सम्बन्ध में उस योजना के अन्तर्गत कोई निम्नतर परीक्षा विनिर्दिष्ट है, वह परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है; **या** केन्द्रीय सरकार द्वारा उस निमित्त विनिर्दिष्ट कोई अन्य परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है; **या** यदि वह इन नियमों से उपाबद्ध प्ररूप में यह घोषणा करता है कि उसने ऐसा ज्ञान प्राप्त कर लिया है; तो उसके बारे में यह समझा जाएगा कि उसने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है।

**नियम 10 (4)** के तहत यदि केन्द्रीय सरकार के किसी कार्यालय में कार्य करने वाले कर्मचारियों में से अस्सी प्रतिशत ने हिन्दी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लिया है। उन कार्यालयों के नाम राजपत्र में अधिसूचित किए जाएंगे।

**नियम 11:** केन्द्रीय सरकार के कार्यालयों से संबंधित सभी मैनुअल, संहिताएं और प्रक्रिया संबंधी अन्य साहित्य, हिन्दी और अंग्रेजी में द्विभाषिक रूप में यथास्थिति, मुद्रित या साइक्लोस्टाइल किया जाएगा और प्रकाशित किया जाएगा। केन्द्रीय सरकार के किसी कार्यालय में प्रयोग किए जाने वाले रजिस्टरों के प्ररूप और शीर्षक हिन्दी और अंग्रेजी में होंगे। केन्द्रीय सरकार के किसी कार्यालय में प्रयोग के लिए सभी नामपट्ट, सूचना पट्ट, पत्रशीर्ष और लिफाफों पर उत्कीर्ण लेख तथा लेखन सामग्री की अन्य मदें हिन्दी और अंग्रेजी में लिखी जाएंगी, मुद्रित या उत्कीर्ण होंगी।

**नियम 12: अनुपालन का उत्तरदायित्व-** केन्द्रीय सरकार के प्रत्येक कार्यालय के प्रशासनिक प्रधान को राजभाषा अधिनियम और इन नियमों के उपबंधों और उपनियम (2) के अधीन जारी किए गए निदेशों का समुचित रूप से अनुपालन सुनिश्चित करने एवं इस प्रयोजन के लिए उपयुक्त और प्रभावकारी जांच के लिए उपाय करने का उत्तरदायित्व है।

केन्द्रीय सरकार अधिनियम और इन नियमों के उपबन्धों के सम्यक अनुपालन के लिए अपने कर्मचारियों और कार्यालयों को समय-समय पर आवश्यक निदेश जारी कर सकती है।

**भाषाई क्षेत्र – ग हेतु लक्ष्य**

- **राजभाषा अधिनियम की धारा 3 (3) का अनुपालन - 100%**
- **हिंदी में प्राप्त पत्रों का उत्तर हिंदी में दिया जाना - 100%**
- **मूल पत्राचार भाषाई क्षेत्र ग से क ख ग के लिए - 55%**
- **हिंदी में टिप्पण लिखना - 30%**

आलेख

## संबलपुर...

## "गेटवे ऑफ वेस्टर्न ओडिशा"



संकलन-

प्रियतोष पधान,
प्रबंधक, अएंठापाली शाखा

संबलपुर जिला ओडिशा राज्य के पश्चिमी भाग में स्थित है। शहर का नाम यहां के प्रसिद्ध मां समलेश्वरी मंदिर की देवी मां समलेश्वरी कारण पड़ा है। स्थानीय निवासी देवी को मां समलाई भी कहते हैं। संबलपुर शहर महानदी के किनारे बसा हुआ है। यह जिला पूर्व में देबगढ़, पश्चिम में बरगढ़, उत्तर में झारसुगुड़ा और दक्षिण में सोनपुर और अनुगुल जिले से घिरा हुआ है। संबलपुर जिले को बाद में चार अलग जिलों में विभाजित किया गया था, 1993 में बरगढ़ जिला अलग हो गया तथा झारसुगुड़ा और देवगढ़ जिले 1994 में अलग हुए। संबलपुर जिला 6702 वर्ग किमी के भौगोलिक क्षेत्र में फैला हुआ है।

वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार जिले की कुल जनसंख्या 10,41,099 है। जिसमें कुल पुरुष जनसंख्या 5,26,877 है जबकि कुल महिला जनसंख्या 5,14,222 है। संबलपुर जिले को प्रशासन के दृष्टिकोण से 3 विकासखंडों क्रमशः संबलपुर, कुचिंडा और रेढ़ाखोल में बांटा गया है। जिले में 9 तहसील, 1349 राजस्व गांव और 138 ग्राम पंचायतें हैं।

संबलपुर जिले की अर्थव्यवस्था मूल रूप से कृषि पर निर्भर है। जिले में उगाई जाने वाली महत्वपूर्ण फसलें चावल, चना, तुअर, अरहर, मूंगफली, सरसों आदि हैं। गन्ना जिले में उगाई जाने वाली सबसे महत्वपूर्ण नकदी फसल है। जिले में हाल ही में औद्योगिकीकरण शुरू हुआ है और बिजली, एल्यूमिनियम और स्टील के प्रमुख उद्योग स्थापित हुए हैं। संबलपुर अपने हैंडलूम टेक्सटाइल कार्यों के लिए विशेषकर संबलपुरी साड़ी के लिए विश्वप्रसिद्ध है, जिसे संबलपुरी टेक्सटाइल के नाम से जाना जाता है। इस संबलपुरी टेक्सटाइल ने अपने अनूठे पैटर्न, डिजाइन और बनावट के लिए अंतरराष्ट्रीय ख्याति अर्जित की है।

संबलपुर जिले की साक्षरता दर 76.91 प्रतिशत है। भारतीय प्रबंधन संस्थान, संबलपुर (IIM,Sambalpur), गंगाधर मेहेर विश्वविद्यालय (GM University), वीर सुरेन्द्र साय प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (VSSUT), वीर सुरेन्द्र साय चिकित्सा विज्ञान एवं अनुसंधान संस्थान (VIMSAR), गायत्री कॉलेज ऑफ़

जिले में वर्ष भर कई खूबसूरत त्योहार आते हैं। जून के महीने में सीतल षष्ठी मनाई जाती है। यह त्योहार भगवान शिव और पार्वती का विवाह पर आधारित है। नुआखाई जिले का सबसे महत्वपूर्ण सामाजिक त्योहार है। भाइजिउंतिआ त्योहार दुर्गा पूजा के महाष्टमी के दिन मनाया जाता है। पूओजिउंतिया त्योहार माताओं द्वारा अपने पुत्रों की लंबी आयु और समृद्धि के लिए मनाया जाता है। अन्य धार्मिक त्योहारों में शिव रात्रि, डोल जात्रा, दुर्गा पूजा, जन्माष्टमी, दिपावाली, गणेश पूजा और सरस्वती पूजा शामिल हैं।

संबलपुर जिले की धरती पर कई प्रतिष्ठित हस्तियों ने जन्म लिया है। बीर सुरेन्द्र साय (स्वतंत्रता सेनानी), गंगाधर मेहेर (प्रकृति के कवि), भीम भोई (प्रख्यात कवि), सत्य नारायण बोहिदार (संबलपुरी भाषा और व्याकरण के शिक्षाविद), स्वप्नेश्वर दास (प्रख्यात कवि और प्रख्यात पत्रकार), गोकुलानंद पंडा (प्रख्यात कवि), सुनील मिश्रा (हास्य और सामाजिक व्यंग्य के प्रसिद्ध लेखक), ब्रज मोहन पंडा (शिक्षाविद) और लक्ष्मी नारायण मिश्रा (प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी) इस मिट्टी के प्रसिद्ध व्यक्ति हैं।

**मां संबलेश्वरी मंदिर -** इस शहर का मुख्य आकर्षण यहां केंद्र में स्थित संबलेश्वरी देवी का मंदिर है। देवी के नाम पर ही इस शहर का नाम संबलपुर पड़ा है। यहां श्रद्धालु हों या सैलानी माता के दर्शन के लिए जरूर आते हैं।

**मां संबलेश्वरी मंदिर, संबलपुर का एक दृश्य**



देवी का यह भव्य मंदिर महानदी नदी के किनार पर स्थित है, जिसे प्राचीन समय में जगतजननी, आदिशक्ति, महालक्ष्मी और महासरस्वती जैसे नामों से जाना जाता था। सांस्कृतिक और कलात्मक रूप से यह मंदिर एक विरासत है जिसका निर्माण 16वीं शताब्दी के चौहान वंश के शासकों ने कराया था। इन सब से अलग अश्विन और चैत्र महीनों के दौरान यहां भव्य त्योहारों का आयोजन किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, बुढारजा शिव मंदिर, हुमा का झुका हुआ शिव मंदिर, मां घंटेश्वरी मंदिर और हीराकुंड बांध, देबरीगढ़ में वन्य जीवन अभयारण्य, गुदगुदा जलप्रपात, बड़ी संख्या में पर्यटकों को आकर्षित करते हैं।

# क्षेत्रीय कार्यालय में परिचर्चा कार्यक्रमों का आयोजन



हमारे कार्यालय में दिसंबर तिमाही के लिए दिनांक 28.12.2020 को **"कारोबार प्रतिनिधियों (बैंक मित्रों) के माध्यम से कारोबार विकास की व्याप्ति"** विषय पर हिन्दी में परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।



हमारे कार्यालय में मार्च तिमाही के लिए दिनांक 25.02.2021 को **"धन समृद्धिः हमारे बैंक का शेयर मूल्य बढ़ाना"** विषय पर हिन्दी में परिचर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

# वित्तीय वर्ष 2020-21 के दौरान राजभाषाई निरीक्षण

कुल शाखाओं/कार्यालयों की संख्या – 57

| क्रसं | डीपी कोड | शाखा/कार्यालय का नाम | निरीक्षण की तिथि |
|---|---|---|---|
| **1.** | 18061 | अएंठापाली | 29.12.2020 |
| **2.** | 4917 | बुढ़ारजा | 06.01.2021 |
| **3.** | 18060 | संबलपुर II | 13.01.2021 |
| **4.** | 4085 | दर्लीपाली | 27.01.2021 |
| **5.** | 2805 | झारसुगुड़ा I | 27.01.2021 |
| **6.** | 18062 | बुर्ला वीएसएसयूटी | 30.01.2021 |
| **7.** | 6104 | अताबिरा | 30.01.2021 |
| **8.** | 3140 | बरगढ़ I | 12.02.2021 |
| **9.** | 18014 | बरगढ़ II | 12.02.2021 |
| **10.** | 3388 | रेंगाली | 24.02.2021 |
| **11.** | 8113 | रेंगाली करेंसी चेस्ट | 24.02.2021 |
| **12.** | 18046 | झारसुगुड़ा II | 03.03.2021 |
| **13.** | 4425 | झारसुगुड़ा एसएमई | 03.03.2021 |
| **14.** | 4129 | सोनपुर I | 19.03.2021 |
| **15.** | 18097 | सोनपुर II | 19.03.2021 |
| **16.** | 3391 | सुंदरगढ़ I | 25.03.2021 |
| **17.** | 18067 | सुंदरगढ़ II | 25.03.2021 |

# बैंकिंग शब्दावली एवं प्रयोग / BANKING GLOSSARY

- Account Heads - लेखा शीर्ष: Branches has to debit respective *account heads* for the expenses incurred for various items.
- Balance -शेष : Customers are required to maintain minimum *balance* as prescribed by the bank in their accounts to avoid penalty.
- Creditor - लेनदार, ऋणदाता : The term *creditor* typically refers someone who lends money.
- Debtor - देनदार,कर्जदार, ऋणी : A person who owes a loan is called *debtor*.
- Endorsement - पृष्ठांकन : *Endorsement* may be done in bank cheques by customers.
- Format - प्रपत्र, फॉर्मेट : Branches are requested to furnish the digital data in revised *format* .
- Gazette- राजपत्र : Notification of branches are done in *Gazette* of India under rule 10(4) OL Rule 1976.
- Harvest - फसल : *Harvesting* is the process of gathering a ripe crop from the fields.
- Information - सूचना: Rajesh gave false *information* to the police.
- Joining - पदभार ग्रहण करना: Kamal will *joining* the office next week.



संकलन- श्री आशीष कुमार साहू, अधिकारी,
सामान्य अग्रिम अनुभाग, क्षेत्रीय कार्यालय संबलपुर

# दैनिक बैंकिंग में प्रयोग होने वाले संक्षिप्ताक्षर
# ABBREVATION USED IN DAILY BANKING

| | | | |
|---|---|---|---|
| AD | Authorised Dealer | एडी | प्राधिकृत व्यापारी |
| BC | Business Correspondent | बीसी | कारोबार प्रतिनिधि |
| CAIIB | Certified Associate of the Indian Institute of Bankers | सीएआई-आईबी | भारतीय बैंकर संस्थान का प्रमाण पत्रित एसोसिएट |
| CBS | Core Banking Solution | सीबीएस | कोर बैंकिंग समाधान |
| CIBIL | Credit Information Bureau of India Limited | सिबिल | भारतीय साख सूचना ब्यूरो लिमिटेड |
| DPN | Demand Promissory Note | डीपीएन | मांग वचन पत्र |
| DRAT | Debt Recovery Appellate Tribunal | डीआरएटी | ऋण वसूली अपील न्यायाधिकरण |
| ECGC | Export Credit Guarantee Corporation | ईसीजीसी | निर्यात ऋण गारंटी निगम |
| FDR | Fixed Deposit Receipt | एफडीआर | सावधि जमा रसीद |



*संकलन- श्री जीतु कर्माकर, अधिकारी,*
*सामान्य प्रशासन अनुभाग, क्षेत्रीय कार्यालय संबलपुर*

# क्षेत्रीय कार्यालय से मार्च 2021 जारी की गई द्विभाषी संसूचनाएं




नकद वसूली संबंधी संसूचना




एचएसबीसी के तहत ईडी कल्ब में शामिल होने संबंधी संसूचना




कासा जमा के तहत उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन संबंधी संसूचना




अग्रिम में वृद्धि हेतु चलाए गए अभियान में उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन संबंधी संसूचना

# पश्चिमांचल विभा

केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय संबलपुर

## मार्च 2021 तिमाही में क्षेत्रीय कार्यालय में द्विभाषी किए गए दैनिक रूप से प्रयोग किए जाने वाले कुछ फार्मेट





## सामान्य प्रशासन अनुभाग के कार्यालय नोट



केन-अदालत के लिए नोटिस



कारोबार प्रतिनिधि के स्थल निरीक्षण संबंधी फार्मेट

पश्चिमांचल विभा

क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर

# सराहनीय कार्य-निष्पादन

## ससमय एसटीआर-18 रिपोर्ट प्रस्तुत करने वाली शाखाएं/कार्यालय

| डीपी | शाखा का नाम | शाखा/कार्यालय प्रभारी का नाम |
|---|---|---|
| 17279 | राउरकेला फर्टीलाइजर टॉउनशिप | श्री दिनेश अग्रवाल |
| 8113 | रेंगाली करेंसी चेस्ट | श्री सी बी बिलुंग |
| 5857 | कुसुमी | श्री पतित पाबन साहू |
| 18014 | बरगढ़-II | श्री देवसहाय केरकेट्टा |
| 4129 | सोनपुर-I | श्री महिमा प्रसाद साहू |
| 18097 | सोनपुर-II | श्री स्मृतिरंजन दास |
| 4917 | बुढ़ारजा | श्री निराकार भोई |
| 18099 | आनंदपुर- II | श्री प्रीतीश गौरव मिश्रा |
| 4085 | दर्लीपाली | श्री सुशील महानंद |
| 3369 | छेंदीपड़ा | श्री बिक्रांत बेरिहा |

**सभी शाखाओं एवं टीम को हार्दिक बधाईयां**

*kudos to all branch heads & whole team*





# पश्चिमांचल विभा

केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय संबलपुर

## संबलपुर क्षेत्र में बैंक के उत्पादों का प्रचार-प्रसार क्षेत्रीय भाषा ओडिया में






संबलपुर मुख्य शाखा का एटीएम शटर



अएंठापाली शाखा का एटीएम द्वार

# पश्चिमांचल विभा

## क्षेत्राधीन शाखाओं द्वारा स्वर्ण ऋण अभियान के दौरान ऑटो एवं समाचार पत्रों में पैम्फलेट वितरण करवाए गए




बउध शाखा | सुंदरगढ़ शाखा I एवं II




अनुगुल शाखा I एवं II | नरेन शाखा




संबलपुर मुख्य शाखा | बड़बील शाखा - II

## क्षेत्र एवं शाखाओं की व्यवसायिक समीक्षा बैठक दिनांक 10.02.2021




दिनांक 10.02.2021 को संबलपुर क्षेत्रीय कार्यालय के अंतर्गत आने वाली शाखाओं की व्यवसायिक समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया था। जिसमें महाप्रबंधक एवं अंचल प्रमुख, अंचल कार्यालय भुवनेश्वर श्री बी एल मीना द्वारा शाखाओं के व्यवसाय की समीक्षा की गई। इस समीक्षा बैठक में क्षेका संबलपुर के क्षेत्रीय प्रमुख श्री लोक नाथ, मंडल प्रबंधक श्री एस के नायक, श्री विकास कुमार राव एवं सभी शाखाओं/कार्यालयों के प्रभारी उपस्थित थे।









# पश्चिमांचल विभा



## क्षेत्रीय कार्यालय संबलपुर के अंतर्गत मार्च 2021 के दौरान व्यापक वसूली अभियान



सोनपुर शाखा-II



केंदुझर शाखा-II




राउरकेला बिसरा रोड शाखा



राउरकेला शाखा-II



बरगढ़ शाखा-I



बलांगीर शाखा -II

# क्षेत्रीय कार्यालय संबलपुर के अंतर्गत मार्च 2021 के दौरान व्यापक वसूली अभियान



सोनपुर शाखा-II



सोनपुर शाखा-I



संबलपुर शाखा-II



दर्लीपाली शाखा



बउध शाखा



हांडीभंगा शाखा

आलेख

## पीएम स्वनिधि (प्रधान मंत्री स्ट्रीटवेंडर आत्मनिर्भर निधि)



संकलन-
आदित्य कुमार साहू,
प्रबंधक, आरएएच, संबलपुर

कोरोना महामारी ने पूरे विश्व को अपनी चपेट में ले लिया है। हमारे देश में रेहड़ी-पटरी, फेरीवालों, ठेले पर सामान बेचकर अपना जीवनयापन करने वाले छोटे-छोटे व्यापारियों आदि की एक बड़ी आबादी देश में निवास करती है, जिन पर इस कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन का सबसे बुरा प्रभाव पड़ा है। इस देशव्यापी लॉकडाउन के कारण उन्हें काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ा। इसलिए देश में ग्रामीण और शहरी इलाकों में सड़कों के किनारे फल, सब्जियां बेचने और रेहड़ी पर छोटी-मोटी दुकान लगाने वालों को आर्थिक सहायता प्रदान करने के लिए सरकार ने 1 जून 2020 से पीएम स्वनिधि योजना (SVANidhi Yojana) की शुरुआत की है।

इस योजना का लाभ उठाकर वे अपना काम दोबारा से शुरू कर सकेंगे। इस योजना के तहत नाई की दुकानें चलाने वाले, जूता गांठने वाले (मोची),पान की दुकानें चलाने वाले (पनवाड़ी),कपड़े धोने की दुकानें चलाने वाले (धोबी), सब्जियां बेचने वाले,फल बेचने वाले,रेडी-टू-ईट स्ट्रीट फूड बेचने वाले, चाय का ठेला या खोखा लगाने वाले,ब्रेड, पकौड़े व अंडे बेचने वाले, फेरीवाले जो कपड़े बेचते हैं, कारीगर आदि पात्र हैं। योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को रू. 10000/- तक का लोन दिया जाता है। जिसे 12 किस्तों में लौटाया जा सकता है। इस लोन को समय पर चुकाने वाले स्ट्रीट वेंडर्स को 7 फीसदी ब्याज सब्सिडी के रूप में उनके अकाउंट में सरकार की ओर से ट्रांसफर किया जाएगा।

अनुगुल शाखा– II द्वारा दिनांक 08.03.2021 को रूपे कार्ड वितरण अभियान का आयोजन किया गया। अभियान के दौरान पात्र ग्राहकों को रूपे कार्ड वितरित करते अधिकारी श्री निरंजन भुमिज।



# क्षेत्राधीन शाखाओं में लोन मेला/ रिटेल एक्सपो का आयोजन




दिनांक 24.03.2021 को आरएएच संबलपुर द्वारा रिटेल एक्सपो का आयोजन किया गया जिसमें अंचल प्रमुख एवं महाप्रबंधक श्री बी एल मीना द्वारा ग्राहकों को विभिन्न ऋण सुविधाएं जैसे आवास ऋण, कार ऋण आदि प्रदान कीं।

झारसुगुड़ा एसएमई शाखा द्वारा रिटेल एक्सपो का आयोजन








अनुगुल शाखा I एवं II द्वारा अग्रिम संविभाग में वृद्धि हेतु मेगा रिटेल एक्सपो का आयोजन किया गया।

# सरफेसी के तहत प्रतीकात्मक कब्जा



छेंदीपदा शाखा



बरगढ़ शाखा- I



झारसुगुड़ा शाखा- II



अनुगुल शाखा- II

कानरा बैंक केनरा बैंक Canara Bank

# पश्चिमांचल विभा
क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर

## समग्र जमा के तहत वित्तीय वर्ष 2021 की चतुर्थ तिमाही मार्च 2021 में लक्ष्य हासिल करने वाली शाखाएं

| क्रसं | डीपी कोड | शाखा का नाम | शाखा प्रभारी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 185 | संबलपुर मुख्य शाखा | श्री देबदत्त लेंका |
| 2. | 395 | राउरकेला मुख्य शाखा | श्री एस एस परमार |
| 3. | 1498 | गोमारडीह माईन्स | श्री रोशन टेटे |
| 4. | 2322 | अनुगुल शाखा -I | श्री आशुतोष मिश्रा |
| 5. | 3139 | केंदुझर शाखा -I | सुश्री स्वाति सागरिका पाढ़ी |
| 6. | 3391 | सुंदरगढ़ शाखा -I | श्रीमती निलिमा कुल्लु |
| 7. | 3541 | राउरकेला एसएमई शाखा | श्री महादेव मेहेर |
| 8. | 4129 | सोनपुर शाखा - I | श्री महिमा प्रसाद साहू |
| 9. | 4135 | रेढ़ाखोल शाखा | श्री सौरभ कुमार साहू |
| 10. | 5827 | मिछापाली शाखा | श्री दीपक कुमार नाएक |
| 11. | 5857 | कुसुमी शाखा | श्री पतित पाबन साहू |
| 12. | 5929 | बोनईगढ़ शाखा | श्री अर्जुन कमल |
| 13. | 6104 | अताबिरा शाखा | श्री बिबेकानंद प्रधान |
| 14. | 6128 | कंटाभांजी शाखा | श्री पंचानन मिश्र |
| 15 | 6150 | पानपोश शाखा | सुश्री निधि रंजन |
| 16. | 17279 | राउरकेला फर्टीलाइजर टॉउनशिप शाखा | श्री दिनेश अग्रवाल |
| 17. | 18060 | संबलपुर शाखा - II | श्री बिजय कुमार नाएक |
| 18. | 18066 | राउरकेला बीपीयूटी शाखा | श्री प्रकाश कुमार सिंह |
| 19. | 18099 | आनंदपुर शाखा -II | श्री प्रीतिश गौरव मिश्रा |



**सभी शाखाओं एवं टीम को हार्दिक बधाईयां**

*kudos to all branch heads & whole team*



पश्चिमांचल विभा
क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर

# एमएसएमई संविभाग के तहत तिमाही मार्च 2021 में लक्ष्य हासिल करने वाली शाखाएं

| क्रंसं | डीपी कोड | शाखा का नाम | शाखा प्रभारी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 2322 | अनुगुल शाखा -I | श्री आशुतोष मिश्रा |
| 2. | 2564 | राउरकेला बिसरा रोड शाखा | श्री संजीत कुमार तिर्की |
| 3. | 2805 | झारसुगुड़ा शाखा - I | श्री संगीत परिछा |
| 4. | 3138 | बड़बील शाखा - I | श्री शिब प्रसाद साहू |
| 5. | 3142 | बलांगीर शाखा - I | श्री अभिलाष होता |
| 6. | 3369 | छेंदीपड़ा शाखा | श्री बिक्रांत बेरिहा |
| 7. | 3391 | सुंदरगढ़ शाखा -I | श्रीमती निलिमा कुल्लु |
| 8. | 3522 | आनंदपुर शाखा - I | श्री विभुति जेना |
| 9. | 4085 | दर्लिपाली शाखा | श्री सुशील महानंद |
| 10. | 4129 | सोनपुर शाखा - I | श्री महिमा प्रसाद साहू |
| 11. | 4130 | बउधगढ़ शाखा | श्री बिश्वजीत मिरधा |
| 12. | 4425 | झारसुगुड़ा एसएमई शाखा | श्री बुद्धदेब धुरूआ |
| 13. | 4911 | देबगढ़ शाखा | श्री एस के पटेल |
| 14. | 5857 | कुसुमी शाखा | श्री पतित पाबन साहू |
| 15 | 6104 | अताबिरा शाखा | श्री बिबेकानंद प्रधान |
| 16. | 6128 | कंटाभांजी शाखा | श्री पंचानन मिश्र |
| 17. | 17279 | राउरकेला फर्टीलाइजर टॉउनशिप शाखा | श्री दिनेश अग्रवाल |
| 18. | 18020 | टिटलागढ़ शाखा | सुश्री शोभना पट्नायक |
| 19. | 18022 | नरेन शाखा | श्री रामप्रसाद साहू |
| 20. | 18047 | केंदुझर शाखा - II | श्री अभिषेक आनंद |
| 21. | 18061 | अएंठापाली शाखा | श्री रूपेश कुमार गढ़तिया |
| 22. | 18062 | बुर्ला शाखा | श्री उत्कलेश्वर प्रधान |
| 23. | 18067 | सुंदरगढ़ शाखा - II | श्री संजय एक्का |
| 24. | 18089 | देवगांव शाखा | सुश्री श्रीमणी साहू |
| 25. | 18096 | बउध शाखा - II | श्री जुगलाल नाएक |

**सभी शाखाओं एवं टीम को हार्दिक बधाईयां**

# कासा संविभाग के तहत तिमाही मार्च 2021 में लक्ष्य हासिल करने वाली शाखाएं

| क्रसं | डीपी कोड | शाखा का नाम | शाखा प्रभारी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 395 | राउरकेला मुख्य शाखा | श्री एस एस परमार |
| 2. | 1498 | गोमारडीह माईन्स | श्री रोशन टेटे |
| 3. | 2805 | झारसुगुड़ा शाखा -l | श्री संगीत परिछा |
| 4. | 2889 | राउरकेला हमीरपुर | श्री पंकज कुमार मंडल |
| 5. | 3137 | जोड़ा शाखा | श्री बिबेकानंद मिश्रा |
| 6. | 3139 | केंदुझर शाखा -l | सुश्री स्वाति सागरिका पाढ़ी |
| 7. | 3142 | बलांगीर शाखा - l | श्री अभिलाष होता |
| 8. | 3369 | छेंदीपड़ा शाखा | श्री बिक्रांत बेरिहा |
| 9. | 3388 | रेंगाली शाखा | श्री असीत कुमार साहू |
| 10. | 3391 | सुंदरगढ़ शाखा -l | श्रीमती निलिमा कुल्लु |
| 11. | 3541 | राउरकेला एसएमई शाखा | श्री महादेव मेहेर |
| 12. | 4085 | दर्लीपाली | श्री सुशील महानंद |
| 13. | 4129 | सोनपुर शाखा - l | श्री महिमा प्रसाद साहू |
| 14. | 4130 | बउधगढ़ शाखा | श्री बिश्वजीत मिरधा |
| 15 | 4135 | रेढ़ाखोल शाखा | श्री सौरभ कुमार साहू |
| 16. | 4425 | झारसुगुड़ा एसएमई शाखा | श्री बुद्धदेब धुरूआ |
| 17. | 4911 | देबगढ़ शाखा | श्री एस के पटेल |
| 18. | 5827 | मिछापाली शाखा | श्री दीपक कुमार नाएक |
| 19. | 5929 | बोनईगढ़ शाखा | श्री अर्जुन कमल |
| 20. | 6104 | अताबिरा शाखा | श्री बिबेकानंद प्रधान |
| 21. | 6128 | कंटाभांजी शाखा | श्री पंचानन मिश्र |
| 22. | 6150 | पानपोश शाखा | सुश्री निधि रंजन |
| 23. | 17279 | राउरकेला फर्टीलाइजर टॉउनशिप शाखा | श्री दिनेश अग्रवाल |
| 24. | 18060 | संबलपुर शाखा–ll | श्री बिजय कुमार नाएक |
| 25. | 18061 | अएंठापाली शाखा | श्री रूपेश कुमार गढ़तिया |
| 26. | 18062 | बुर्ला शाखा | श्री उत्कलेश्वर प्रधान |
| 27. | 18067 | सुंदरगढ़ शाखा - ll | श्री संजय एक्का |
| 28. | 18075 | अनुगुल शाखा - ll | सुश्री निबेदिता दास |
| 29. | 18097 | सोनपुर शाखा - ll | श्री स्मृति रंजन दास |
| 30. | 18099 | आनंदपुर शाखा- ll | श्री प्रीतिश गौरव मिश्रा |

**सभी शाखाओं एवं टीम को हार्दिक बधाईयां**

Canara Bank

# पश्चिमांचल विभा

क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर

# खुदरा संविभाग के तहत तिमाही मार्च 2021 में लक्ष्य हासिल करने वाली शाखाएं

| क्रसं | डीपी कोड | शाखा का नाम | शाखा प्रभारी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 2322 | अनुगुल शाखा –I | श्री आषुतोष मिश्रा |
| 2. | 2564 | राउरकेला बिसरा रोड शाखा | श्री संजीत कुमार तिर्की |
| 3. | 3140 | बरगढ़ शाखा -I | श्री अंजन साहू |
| 4. | 3142 | बलांगीर शाखा - I | श्री अभिलाष होता |
| 5. | 3388 | रेंगाली शाखा | श्री असीत कुमार साहू |
| 6. | 3541 | राउरकेला एसएमई शाखा | श्री महादेव मेहेर |
| 7. | 4129 | सोनपुर शाखा - I | श्री महिमा प्रसाद साहू |
| 8. | 4425 | झारसुगुड़ा एसएमई शाखा | श्री बुद्धदेब धुरूआ |
| 9. | 4917 | बुढ़ारजा शाखा | श्री निराकार भोई |
| 10. | 5929 | बोनईगढ़ शाखा | श्री अर्जुन कमल |
| 11. | 6045 | कुचिंडा शाखा | श्री मनीष कुमार |
| 12. | 6104 | अताबिरा शाखा | श्री बिबेकानंद प्रधान |
| 13. | 6150 | पानपोश शाखा | सुश्री निधि रंजन |
| 14. | 18061 | अएंठापाली शाखा | श्री रूपेश कुमार गढ़तिया |
| 15 | 18062 | बुर्ला शाखा | श्री उत्कलेश्वर प्रधान |
| 16. | 18075 | अनुगुल शाखा - II | सुश्री निबेदिता दास |

**सभी शाखाओं एवं टीम को हार्दिक बधाईयां**

*kudos to all branch heads & whole team*

# खुदरा मियादी जमाराशि के तहत तिमाही मार्च 2021 में लक्ष्य हासिल करने वाली शाखाएं

| क्रसं | डीपी कोड | शाखा का नाम | शाखा प्रभारी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 395 | राउरकेला मुख्य शाखा | श्री एस एस परमार |
| 2. | 3138 | बड़बील शाखा- I | श्री शिब प्रसाद साहू |
| 3. | 4129 | सोनपुर शाखा - I | श्री महिमा प्रसाद साहू |
| 4. | 5826 | हांडीभंगा शाखा | श्री जी के पात्र |
| 5. | 5857 | कुसुमी शाखा | श्री पतित पाबन साहू |
| 6. | 5929 | बोनईगढ़ शाखा | श्री अर्जुन कमल |
| 7. | 6104 | अताबिरा शाखा | श्री बिबेकानंद प्रधान |
| 8. | 6128 | कंटाभांजी शाखा | श्री पंचानन मिश्र |
| 9. | 6150 | पानपोश शाखा | सुश्री निधि रंजन |
| 10 | 17279 | राउरकेला फर्टीलाइजर टॉउनशिप शाखा | श्री दिनेश अग्रवाल |
| 11 | 18099 | आनंदपुर शाखा- II | श्री प्रीतिश गौरव मिश्रा |

सभी शाखाओं एवं टीम को हार्दिक बधाईयां

*kudos to all branch heads & whole team*

# कृषि (वीएसएल एवं जीएल के अलावा) संविभाग के तहत तिमाही मार्च 2021 में लक्ष्य हासिल करने वाली शाखाएं

| क्रसं | डीपी कोड | शाखा का नाम | शाखा प्रभारी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 185 | संबलपुर मुख्य शाखा | श्री देबदत्त लेंका |
| 2. | 395 | राउरकेला मुख्य शाखा | श्री एस एस परमार |
| 3. | 1498 | गोमारडीह माईन्स | श्री रोशन टेटे |
| 4. | 2564 | राउरकेला बिसरा रोड शाखा | श्री संजीत कुमार तिर्की |
| 5. | 3140 | बरगढ़ शाखा | श्री अंजन साहू |
| 6. | 3142 | बलांगीर शाखा - I | श्री अभिलाष होता |
| 7. | 3369 | छेंदीपड़ा शाखा | श्री बिक्रांत बेरिहा |
| 8. | 3541 | राउरकेला एसएमई शाखा | श्री महादेव मेहेर |
| 9. | 3677 | बोंडा शाखा | श्री मलय कुमार दलाई |
| 10. | 4129 | सोनपुर शाखा - I | श्री महिमा प्रसाद साहू |
| 11. | 4130 | बउधगढ़ शाखा | श्री बिश्वजीत मिरधा |
| 12. | 4135 | रेढ़ाखोल शाखा | श्री सौरभ कुमार साहू |
| 13. | 5826 | हांडीभंगा शाखा | श्री जी के पात्र |
| 14. | 5929 | बोनईगढ़ शाखा | श्री अर्जुन कमल |
| 15 | 6045 | कुचिंडा शाखा | श्री मनीष कुमार |
| 16. | 6104 | अताबिरा शाखा | श्री बिबेकानंद प्रधान |
| 17. | 6128 | कंटाभांजी शाखा | श्री पंचानन मिश्र |
| 18. | 6789 | पार्लिमाल शाखा | श्री सुब्रत कुमार मेहेर |
| 19. | 18020 | टिटलागढ़ शाखा | सुश्री शोभना पट्नायक |
| 20. | 18022 | नरेन शाखा | श्री राम प्रसाद साहू |
| 21. | 18023 | बलांगीर शाखा - II | श्री विमल कुमार मित्तल |
| 22. | 18046 | झारसुगुड़ा शाखा - II | सुश्री अनुराधा बराईक |
| 23. | 18047 | केंदुझर शाखा – II | श्री अभिषेक आनंद |
| 24. | 18061 | अएंठापाली शाखा | श्री रूपेश कुमार गढ़तिया |
| 25. | 18066 | राउरकेला बीपीयूटी शाखा | श्री प्रकाश कुमार सिंह |
| 26. | 18075 | अनुगुल शाखा - II | सुश्री निबेदिता दास |
| 27. | 18096 | बउध शाखा - II | श्री जुगलाल नाएक |
| 28. | 18097 | सोनपुर शाखा - II | श्री स्मृति रंजन दास |

सभी शाखाओं एवं टीम को हार्दिक बधाईयां

# ब्याजेतर आय के तहत तिमाही मार्च 2021 में लक्ष्य हासिल करने वाली शाखाएं

| क्रसं | डीपी कोड | शाखा का नाम | शाखा प्रभारी का नाम |
|---|---|---|---|
| 1. | 185 | संबलपुर मुख्य शाखा | श्री देबदत्त लेंका |
| 2. | 395 | राउरकेला मुख्य शाखा | श्री एस एस परमार |
| 3. | 2322 | अनुगुल शाखा –I | श्री आशुतोष मिश्रा |
| 4. | 3139 | केंदुझर शाखा -I | सुश्री स्वाति सागरिका पाढ़ी |
| 5. | 3140 | बरगढ़ शाखा-I | श्री अंजन साहू |
| 6. | 3142 | बलांगीर शाखा - I | श्री अभिलाष होता |
| 7. | 3369 | छेंदीपड़ा शाखा | श्री बिक्रांत बेरिहा |
| 8. | 3391 | सुंदरगढ़ शाखा -I | श्रीमती निलिमा कुल्लु |
| 9. | 3522 | आनंदपुर शाखा -I | श्री बिभुति जेना |
| 10. | 3541 | राउरकेला एसएमई शाखा | श्री महादेव मेहेर |
| 11. | 4425 | झारसुगुड़ा एसएमई शाखा | श्री बुद्धदेब धुरूआ |
| 12. | 5926 | हांडीभंगा शाखा | श्री जी के पात्र |
| 13. | 5929 | बोनाईगढ़ शाखा | श्री अर्जुन कमल |
| 14. | 6045 | कुचिंडा शाखा | श्री मनीष कुमार |
| 15 | 6104 | अताबिरा शाखा | श्री बिबेकानंद प्रधान |
| 16. | 18046 | झारसुगुड़ा शाखा - II | सुश्री अनुराधा बराईक |
| 17 | 18047 | केंदुझर शाखा – II | श्री अभिषेक आनंद |

**सभी शाखाओं एवं टीम को हार्दिक बधाईयां**

*kudos to all branch heads & whole team*

# पश्चिमांचल विभा

केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय संबलपुर

## मुंशी प्रेमचंद

## कवि परिचय




उपन्यास सम्राट प्रेमचंद का जन्म 31 जुलाई 1980 को वाराणसी जिले (उत्तर प्रदेश) के लमही गाँव में हुआ था। उनकी माता का नाम आनन्दी देवी तथा पिता का नाम मुंशी अजायबराय था जो लमही में डाकमुंशी थे। उनका वास्तविक नाम धनपत राय श्रीवास्तव था। अल्पकाल में ही उनकी माता का स्वर्गवास हो गया। जब पन्द्रह वर्ष के हुए तब उनका विवाह कर दिया गया और सोलह वर्ष के होने पर उनके पिता का भी देहान्त हो गया। इसके कारण उनका प्रारम्भिक जीवन संघर्षमय रहा। 1906 में उनका दूसरा विवाह शिवरानी देवी से हुआ जो बाल-विधवा थीं। वे सुशिक्षित महिला थीं जिन्होंने कुछ कहानियाँ और *"प्रेमचंद घर में"* शीर्षक पुस्तक भी लिखी। उनकी तीन सन्ताने हुई-श्रीपत राय, अमृत राय और कमला देवी श्रीवास्तव। लम्बी बीमारी के बाद 8 अक्टूबर 1936 को उनका निधन हो गया।

प्रेमचंद (प्रेमचन्द) के साहित्यिक जीवन का आरंभ (आरम्भ) 1901 से हो चुका था[7] आरंभ में वे नवाब राय के नाम से उर्दू में लिखते थे। उनका पहला उपलब्ध लेखन उर्दू उपन्यास 'असरारे मआबिद' है जो धारावाहिक रूप में प्रकाशित हुआ। इसका हिंदी रूपांतरण *देवस्थान रहस्य* नाम से हुआ। प्रेमचंद का दूसरा उपन्यास 'हमखुर्मा व हमसवाब' है जिसका हिंदी रूपांतरण 'प्रेमा' नाम से 1907 में प्रकाशित हुआ। 1908 ई. में उनका पहला कहानी संग्रह *"सोज़े-वतन"* प्रकाशित हुई। देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत इस संग्रह को अंग्रेज़ सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया और इसकी सभी प्रतियाँ जब्त कर लीं और इसके लेखक नवाब राय को भविष्य में लेखन न करने की चेतावनी दी। इसके कारण उन्हें नाम बदलकर प्रेमचंद के नाम से लिखना पड़ा। उनका यह नाम दयानारायन निगम ने रखा था। 'प्रेमचंद' नाम से उनकी पहली कहानी *"बड़े घर की बेटी"* ज़माना पत्रिका के दिसम्बर 1910 के अंक में प्रकाशित हुई। 1915 ई. में उस समय की प्रसिद्ध हिंदी मासिक पत्रिका "सरस्वती" के दिसम्बर अंक में पहली बार उनकी कहानी *सौत* नाम से प्रकाशित हुई।[ 1918 ई. में उनका पहला हिंदी उपन्यास "सेवासदन" प्रकाशित हुआ। इसकी अत्यधिक लोकप्रियता ने प्रेमचंद को उर्दू से हिंदी का कथाकार बना दिया। उन्होंने लगभग 300 कहानियाँ तथा डेढ़ दर्जन उपन्यास लिखे। 1921 में असहयोग आंदोलन के दौरान सरकारी नौकरी से त्यागपत्र देने के बाद वे पूरी तरह साहित्य सृजन में लग गए। उन्होंने कुछ महीने "मर्यादा" नामक पत्रिका का संपादन किया। इसके बाद उन्होंने लगभग छह वर्षों तक हिंदी पत्रिका माधुरी का संपादन किया। 1922 में उन्होंने बेदखली की समस्या पर आधारित *"प्रेमाश्रम"* उपन्यास प्रकाशित किया। 1925 ई. में उन्होंने *"रंगभूमि"* नामक वृहद उपन्यास लिखा, जिसके लिए उन्हें मंगलप्रसाद पारितोषिक भी मिला। 1926-27 ई. के दौरान उन्होंने महादेवी वर्मा द्वारा संपादित हिंदी मासिक पत्रिका "चाँद" के लिए धारावाहिक उपन्यास के रूप में *निर्मला* की रचना की। इसके बाद उन्होंने कायाकल्प, गबन, कर्मभूमि और गोदान की रचना की। उन्होंने 1930 में बनारस से अपना मासिक पत्रिका "हंस" का प्रकाशन शुरू किया। 1932 ई. में उन्होंने हिंदी साप्ताहिक पत्र जागरण का प्रकाशन आरंभ किया। मरणोपरांत उनकी कहानियाँ "मानसरोवर" नाम से 9 खंडों में प्रकाशित हुईं



## कविता



लहरों से डर कर नौका पार नहीं होती
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती

नन्हीं चींटी जब दाना लेकर चलती है
चढ़ती दीवारों पर, सौ बार फिसलती है
मन का विश्वास रगों में साहस भरता है
चढ़कर गिरना, गिरकर चढ़ना न अखरता है
आख़िर उसकी मेहनत बेकार नहीं होती
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती

डुबकियां सिंधु में गोताखोर लगाता है
जा जाकर खाली हाथ लौटकर आता है
मिलते नहीं सहज ही मोती गहरे पानी में
बढ़ता दुगना उत्साह इसी हैरानी में
मुट्ठी उसकी खाली हर बार नहीं होती
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती

असफलता एक चुनौती है, स्वीकार करो
क्या कमी रह गई, देखो और सुधार करो
जब तक न सफल हो, नींद चैन को त्यागो तुम
संघर्ष का मैदान छोड़ मत भागो तुम
कुछ किये बिना ही जय जयकार नहीं होती
कोशिश करने वालों की हार नहीं होती

..... **सोहनलाल द्विवेदी**

## "अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व गतिविधि"



हमारे क्षेत्रीय प्रमुख एवं सहायक महाप्रबंधक श्री लोक नाथ जी के नेतृत्व में हमारे क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा दिनांक 08.03.2021 को **"अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व"** के तहत **दमयंती वृद्धाश्रम संबलपुर में 2 चारपाई दान किया गया।**






शिक्षाप्रद कहानी

# गुरु-दक्षिणा

एक गुरु अपने आश्रम को लेकर बहुत चिंतित थे। गुरु वृद्ध हो चले थे और अब शेष जीवन हिमालय में ही बिताना चाहते थे, लेकिन उन्हें यह चिंता सताए जा रही थी कि मेरी जगह कौन योग्य उत्तराधिकारी हो, जो आश्रम को ठीक तरह से संचालित कर सके।

उस आश्रम में दो योग्य शिष्य थे और दोनों ही गुरु को प्रिय थे। दोनों को गुरु ने बुलाया और कहा- शिष्यों मैं तीर्थ पर जा रहा हूँ और गुरु दक्षिणा के रूप में तुमसे बस इतना ही माँगता हूँ कि यह दो मुट्ठी गेहूँ है। एक-एक मुट्ठी तुम दोनों अपने पास संभालकर रखो और जब मैं आऊँ तो मुझे यह दो मुट्ठी गेहूँ वापस करना है। जो शिष्य मुझे अपने गेहूँ सुरक्षित वापस कर देगा, मैं उसे ही इस गुरुकुल का गुरु नियुक्त करूँगा। दोनों शिष्यों ने गुरु की आज्ञा को शिरोधार्य रखा और गुरु को विदा किया।

एक शिष्य गुरु को भगवान मानता था। उसने तो गुरु के दिए हुए एक मुट्ठी गेहूँ को पुट्टल बाँधकर एक आलिए में सुरक्षित रख दिए और रोज उसकी पूजा करने लगा। दूसरा शिष्य जो गुरु को ज्ञान का देवता मानता था उसने उन एक मुट्ठी गेहूँ को ले जाकर गुरुकुल के पीछे खेत में बो दिए। कुछ महीनों बाद जब गुरु आए तो उन्होंने जो शिष्य गुरु को भगवान मानता था उससे अपने एक मुट्ठी गेहूँ माँगे। उस शिष्य ने गुरु को ले जाकर आलिए में रखी गेहूँ की पुट्टल बताई जिसकी वह रोज पूजा करता था। गुरु ने देखा कि उस पुट्टल के गेहूँ सड़ चुके हैं और अब वे किसी काम के नहीं रहे। तब गुरु ने उस शिष्य को जो गुरु को ज्ञान का देवता मानता था उससे अपने गेहूँ दिखाने के लिए कहा। उसने गुरु को आश्रम के पीछे ले जाकर कहा- गुरुदेव यह लहलहाती जो फसल देख रहे हैं यही आपके एक मुट्ठी गेहूँ हैं और मुझे क्षमा करें कि जो गेहूँ आप दे गए थे वही गेहूँ मैं दे नहीं सकता।

लहलहाती फसल को देखकर गुरु का चित्त प्रसन्न हो गया और उन्होंने कहा जो शिष्य गुरु के ज्ञान को फैलाता है, बाँटता है वही श्रेष्ठ उत्तराधिकारी होने का पात्र है। मूलतः गुरु के प्रति सच्ची दक्षिणा यही है।

**कहानी से प्रेरणा:** सामान्य अर्थ में गुरुदक्षिणा का अर्थ पारितोषिक के रूप में लिया जाता है, किंतु गुरुदक्षिणा का वास्तविक अर्थ कहीं ज्यादा व्यापक है। गुरुदक्षिणा का अर्थ है कि गुरु से प्राप्त की गई शिक्षा एवं ज्ञान का प्रचार-प्रसार व उसका सही उपयोग कर जनकल्याण में लगाएँ।



# पश्चिमांचल विभा

केनरा बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय संबलपुर

## क्षेत्रीय कार्यालय के उत्कृष्ट कार्य-निष्पादन की अंचल कार्यालय, भुवनेश्वर द्वारा सराहना

केनरा बैंक Canara Bank

सिंडिकेट Syndicate

Marketing Section, Circle Office, Bhubaneswar

Bulletin No: 24/MKTG/CO/BBSR/2020-21

6th MAR, 2021

# FANTASTIC PERFORMANCE

## Only RO To Achieve Govt. Business Target for FY 2020-21

CONGRATULATIONS!

**Sambalpur RO and their vibrant team for Achieving APY, PPF & SSA Target for FY 2020-21**








SRI LOK NATH
REGIONAL HEAD

SRI SUSANTA KUMAR NAIK
OVERSEEING EXECUTIVE

| | PPF PERFORMANCE | | | SSA PERFORMANCE | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| RO | MAR 2021 TARGET | ACT AS ON 5th Mar 2021 | GAP TO MAR TARGET | MAR 2021 TARGET | ACT AS ON 5th Mar 2021 | GAP TO MAR TARGET |
| BHUBANESWAR RO 1 | 675 | 187 | 488 | 172 | 114 | 58 |
| BHUBANESWAR RO 2 | 649 | 350 | 299 | 166 | 119 | 47 |
| BHADRAK | 487 | 211 | 276 | 124 | 124 | 0 |
| SAMBALPUR | 487 | 499 | -12 | 124 | 138 | -14 |
| BERHAMPUR | 406 | 324 | 82 | 104 | 109 | -5 |
| TOTAL | 2704 | 1571 | 1133 | 690 | 604 | 86 |

Well done! keep it up.

B L MEENA
GENERAL MANAGER

सुश्री अनन्या नाएक सुपुत्री श्री एस के नाएक द्वारा बनाया गया पोस्टर




शिक्षा “ओ” अनुसंधान विश्वविद्यालय, दंत विज्ञान संस्थान, भुवनेश्वर द्वारा आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में सुश्री अनन्या नाएक, बीडीएस अंतिम वर्ष सुपुत्री श्री एस के नाएक, मंडल प्रबंधक, क्षेत्रीय कार्यालय, संबलपुर को पुरस्कृत किया गया।



